हि0प्र0 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
प्रबन्धन समिति (रजि0)
बिजलानी हाऊस, शिमला–171002
दूरभाष : 0177–2621997
ई मेल : ctd-hp@nic.in

H.P. Eklavya Model Residential School
Management Society (Regd.)
Bijlani House, Shimla-171002
Phone : 0177-2621997
E mail : ctd-hp@nic.in

# प्रैस नोट

## विषय :– एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा–2023

हिमाचल प्रदेश के चार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा–2023 का आयोजन हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के माध्यम से किया जा रहा है । इसमें हिमाचल प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के निम्नलिखित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले छात्र–छात्राएं निर्धारित प्रपत्र पर निःशुल्क आन–लाईन आवेदन कर सकते हैं :–

1. एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा–2023 का आयोजन हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा दिनांक 16.07.2023 (रविवार) को निर्धारित परीक्षा–केन्द्रों पर किया जाएगा ।
2. प्रार्थी हिमाचल प्रदेश में अधिसूचित अनुसूचित जनजाति वर्ग से सम्बन्धित होना चाहिए।
3. प्रार्थी की आयु 1 अप्रैल, 2023 को 10–13 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
4. प्रार्थी ने शैक्षणिक सत्र 2022–23 के दौरान किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से पांचवीं परीक्षा पास की हो ।
5. विभिन्न एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु निम्न प्रकार से सीटें उपलब्ध रहेंगीः–

| क्र0 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का नाम | जिला का नाम | कक्षा 6 में प्रवेश हेतु सीटें | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | छात्र | छात्रा | कुल |
| 1 | निचार | किन्नौर | 30 | 30 | 60 |
| 2 | भरमौर स्थित होली | चम्बा | 15 | 15 | 30 |
| 3 | पांगी स्थित किलाड़ | चम्बा | 15 | 15 | 30 |
| 4 | लाहौल स्थित कुकुमसेरी | लाहौल–स्पिति | 15 | 15 | 30 |
| | **कुल योग** | | **75** | **75** | **150** |

6. प्रार्थी का प्रवेश, चयन परीक्षा की मैरिट के आधार पर काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा ।
7. इच्छुक पात्र उम्मीदवार हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की बैवसाईट https://hpbose.org/OnlineServices/CET/Eklavya/Instructions.aspx पद **दिनांक 24 जून, 2023** तक निःशुल्क आनलाईन आवेदन–पत्र भर सकते हैं । तथा अधिक जानकारी के लिए विवरण–पुस्तिका ( Information Brochure) हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की बैवसाईट से डाउनलोड की जा सकती है ।

सचिव,
हि0प्र0एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय,
प्रबन्धन समिति, शिमला–171002

**पृ0संख्या टी0बी0डी0(ए)1–1/2022** **दिनांकः 07 जून, 2023**

प्रतिलिपिः–
1. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–2 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा–2023 की जानकारी सम्बन्धित समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचारित करने की कृपा करें।
2. सचिव, हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला को उनके ईमेल दिनांक 06 जून, 2023 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है ।
3. केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी शिमला–4 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा–2023 की जानकारी सम्बन्धित आकाशवाणी के माध्यम से समय समय पर प्रचारित–प्रसारित करने की कृपा करें।
4. केन्द्र निदेशक, दूरदर्शन केन्द्र, शिमला–4 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा–2023 की जानकारी सम्बन्धित आकाशवाणी के माध्यम से समय समय पर प्रचारित–प्रसारित करने की कृपा करें।
5. प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, निचार/भरमौर/पांगी/लाहौल को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

सचिव,
हि0प्र0एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय,
प्रबन्धन समिति, शिमला–171002